## आगरा हवाई अड्डे पर असैन्य टर्मिनल जल्द

**आगरा।** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री महेश शर्मा ने कहा है कि आगरा स्थित खेड़िया वायुसेना अड्डे पर नया असैन्य टर्मिनल जल्द बनाया जाएगा, जिससे ताज की नगरी आने वाले यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलेंगी। शर्मा ने यह बात रविवार को यहां एक निजी आईवीएफ केंद्र का उद्घाटन करने के बाद कही। खेड़िया हवाई अड्डा वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास है, जो अपनी एक पट्टी का इस्तेमाल नागरिक उड़ानों के लिए करने देती है।

### झारखंड विकास संवाद कार्यक्रम...




रांची में सोमवार को 'झारखंड विकास संवाद' कार्यक्रम के दौरान झारखंड के सीएम रघुवर दास के साथ पूर्व भाजपाई केएन गोविंदाचार्य। फोटो: हरिभूमि

# छपरा कांड: प्रिंसिपल को 17 साल की जेल

## 16 जुलाई 2013 को स्कूल में मिड डे मील खाकर 23 बच्चों की हुई थी मौत

छपरा। बिहार के छपरा के गंडामन में मिड डे मील मामले में कोर्ट ने सोमवार को फैसला सुनाया है। कोर्ट ने दोषी प्रधान शिक्षिका मीना देवी को एक धारा में 7 साल और दूसरी धारा में 10 साल की सजा सुनाई है। अदालत ने मीना देवी पर 1 लाख 75 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। 16 जुलाई 2013 को हुई इस घटना में 23 बच्चो की मौत हुई थी और दर्जन भर बच्चे बीमार हो गए थे। सजाएं अलग-अलग चलेंगी। मीना देवी को धारा 304 में दस साल की और धारा 308 में सात साल की सजा सुनाई गयी है। वहीं, कोर्ट ने मीना देवी के पति अर्जुन राय को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था। इसी महीने की 24 तारीख को कोर्ट ने प्रधान शिक्षिका पर लगी आईपीसी की धारा 302, 307 और 328 को हटाते हुए उसे 304 और 308 में दोषी करार दिया था।

- कोर्ट ने मीना देवी पर 1 लाख 75 हजार का जुमार्ना भी लगाया
- अर्जुन राय को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था



# बिहार: घटने लगा जलस्तर

## पौने 38 लाख लोग, 3.69 लाख 57 मवेशी प्रभावित

### गंगा का जलस्तर दो स्थानों पर स्थिर

**पटना।** बिहार से गुजरने वाली गंगा नदी के जलस्तर में प्रदेश में पांच स्थानों पर गिरावट होने के साथ इसका जलस्तर दो स्थानों पर स्थिर बना रहा। जानकारी के मुताबिक बिहार के सभी बाढ सुरक्षात्मक तटबंध सुरक्षित हैं व गंगा नदी के जलस्तर में सोमवार दोपहर 12 बजे तक बिहार में पांच स्थानों बक्सर, दीघाघाट, गांधीघाट, हाथीदह व कहलगांव में गिरवाट होने के साथ इसका जलस्तर दो स्थानों मुंगेर व भागलपुर में स्थिर बना था।



### मृतकों के जिलेवार आंकड़े

| जिला | मौत | जिला | मौत |
|---|---|---|---|
| भोजपुर | 15 | सारण | 5 |
| समस्तीपुर | 11 | लखीसराय | 3 |
| बेगूसराय | 9 | भागलपुर | 2 |
| वैशाली | 7 | पटना | एक |
| खगडिया | 6 | बक्सर | एक |
| | | मुंगेर | एक |

एजेंसी. पटना

बिहार में गंगा सहित अन्य नदियों में हाल में आयी बाढ़ से पिछले 24 घंटे के दौरान 3 और लोगों की मौत होने के साथ 37.74 लाख आबादी प्रभावित हुई है। बिहार आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रदेश में हाल में आयी बाढ़ से पिछले 24 घंटे के दौरान 3 और लोगों की मौत के साथ इससे मरने वालों की संख्या अब 61 हो गयी है। पिछले 24 घंटे के दौरान बिहार में बाढ़ से खगड़िया जिला में तीन अन्य व्यक्ति की मौत हो गयी है। हाल में आयी बाढ़ से कुल 61 लोगों की मौत हो गयी है जिनमें भोजपुर जिला में 15, समस्तीपुर में 11, बेगूसराय में 9, वैशाली में 7, खगड़िया में 6, सारण में 5, लखीसराय 3, भागलपुर में 2 और पटना, बक्सर एवं मुंगेर जिला में एक-एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। बिहार में हाल में आयी बाढ़ से प्रभावित हुए व मरने वाले मवेशियों की कुल संख्या क्रमशः 3.69 लाख और 57 है। उल्लेखनीय है कि इस मौसम में दो चरणों में अब तक आयी बाढ़ से प्रदेश के कुल 24 जिलों की 71.70 लाख आबादी प्रभावित हुई और अबतक कुल 162 लोगों की जान जा चुकी है। बिहार में इन दिनों गंगा नदी के बढ़े हुए जल स्तर एवं तेज जल प्रवाह के कारण इस नदी के किनारे अवस्थित जिलों यथा बक्सर, भोजपुर, पटना, वैशाली, सारण, बेगूसराय, समस्तीपुर, लखीसराय, खगड़िया, मुंगेर, भागलपुर एवं कटिहार जिलों में कमोबेस बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। पटना, वैशाली, भोजपुर एवं सारण जिला के दियारा क्षेत्र बाढ़ से अधिक प्रभावित हैं। इन 12 जिलों की 37.74 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित है जिनमें से 7.06 लाख लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और इनमें से 3.92 लाख लोग 631 राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं।

## विधेयक में वेतन-भत्ते बढ़ाने का भी प्रस्ताव

# पूर्व मुख्यमंत्रियों के बंगले बच जाएंगे

यूपी सरकार ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्रियों को आवंटित सरकारी बंगले खाली कराने के उच्चतम न्यायालय के आदेश से बचने का रास्ता निकालने के लिए सोमवार को विधानसभा में एक संशोधन विधेयक पेश किया, जिसमें मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियों के वेतन भत्तों में बढ़ोतरी का भी प्रस्ताव है।

एजेंसी. लखनऊ

विधानसभा में सोमवार को उक्त आशय से प्रस्तुत उत्तर प्रदेश मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपबंध) (संशोधन) विधेयक, 2016 में पूर्व मुख्यमंत्रियों को उनके अनुरोध पर जीवनपर्यन्त राज्य संपत्ति विभाग के तहत नियमानुसार मासिक किराये पर कोई सरकारी आवास आवंटित किये जाने का प्रावधान कर दिया गया है। मूल अधिनियम 'उत्तर प्रदेश मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपबंध) 1981' में यह प्रावधान नहीं था। इस संशोधन विधेयक के जरिए मुख्यमंत्री, मंत्रियों, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और राज्य मंत्री का वेतन प्रतिमाह 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 40 हजार रुपये तथा उपमंत्री का वेतन 10 हजार से बढ़ाकर 35 हजार रुपये कर दिये जाने का प्रावधान है।

- इस संशोधन से मंत्री को मिलेगा 40 हजार प्रतिमाह

मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को मिलने वाले अन्य भत्तों में भी बढ़ोतरी की व्यवस्था की गयी है। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद राज्य संपत्ति विभाग द्वारा न्यासों, पत्रकारों एवं कतिपय अन्य श्रेणी के लोगों को हुए भवन आवंटन की वैधता को लेकर उठे सवालों के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐसे आवंटनों को विधिक रूप देने के उद्देश्य से एक अलग और विस्तृत अधिनियम बनाने के लिए भी सोमवार को विधानसभा में एक विधेयक पेश किया है।

### पंचायत 'संशोधन' विधेयक पारित

यूपी विस में भाजपाइयों ने उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (संशोधन) विधेयक, 2016 के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया। विस में ध्वनिमत से पारित इस विधेयक में क्षेत्र पंचायत प्रमुखों और जिला पंचायत अध्यक्षों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की न्यूनतम अवधि को एक साल से बढ़ा कर दो साल कर दिये जाने का प्रावधान किया गया है।

## 'माया के हमले उनकी हताशा'



**लखनऊ।** बसपा मुखिया मायावती की तरफ से हमले किये जाने के बाद भाजपा ने पलटवार करते हुए इसे बड़ी संख्या में अपने नेताओं के भाजपा में शामिल होने को लेकर उत्पन्न 'हताशा' करार दिया। भाजपा प्रान्तीय महासचिव विजय बहादुर पाठक ने कहा कि मायावती ने रविवार को आजमगढ़ में अपने एक घंटे के भाषण में भाजपा पर करीब 40 मिनट हमले किये।


**NIKKI GLOBAL FINANCE LIMITED**

**Registered Office:** I-9, LGF, Lajpat Nagar -1, New Delhi -110024,
**CIN:** L65999DL1986PLC024493, **Telefax:** +91-11-64000323
**Web.:** www.nikkiglobal.com **E-mail:** info@nikkiglobal.com, investors@nikkiglobal.com

**Notice**

Members of the company are hereby informed that pursuant to Section 110 of the Companies Act, 2013 read with Rule 22 of Companies (Management & Administration) Rules, 2014, as amended, the dispatch of the Postal Ballot Notice dated 25th August, 2016 (alongwith the Explanatory Statement and Postal Ballot Form) to the Members of the Company, in respect of Resolution(s) under Section 186 of the said Act, has been completed on 29th August, 2016. The said documents were sent in electronic mode to those Members who have registered their e-mail addresses with the Company or with the Depositories and in physical mode to the other Members through permitted mode.

The aforesaid resolution(s) are to be transacted by means of Postal Ballot and Electronic Voting (E-voting) in terms of Sections 108 and 110 of the Companies Act, 2013 read with Rules 20 and 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014. The Central Depository Services (India) Limited has been engaged by the Board of Directors of the Company for providing the E-voting platform.

Members whose names are recorded in the Register of Members of the Company or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on the **cut-off date 19th August, 2016** will be entitled to cast their votes by Postal Ballot or E-voting. A person who is not a Member of the Company on the **Cut-off date** should accordingly treat the Postal Ballot Notice as for the information purposes only.

Ms. Neha Jain, Practicing Company Secretary (CP No. 10628) has been appointed as the scrutinizer for conducting the postal ballot process in a fair and transparent manner. **Voting through Postal Ballot and E-voting will commence on 31st August, 2016 at 9:00 Hours IST and will close on 29th September, 2016 at 17:00 Hours IST.** Members are requested that the Postal Ballot Form duly filled and completed by them should reach to the Scrutinizer not later than 17:00 Hours IST on 29th September, 2016. Postal Ballot forms received after the close of working hours on 29th September, 2016 will be considered invalid. E-voting will be blocked by CDSL at 17:00 Hours IST on 29th September, 2016.

Members seeking duplicate Postal Ballot Forms can write to Ms. Gunjita Kalani, Company Secretary, Nikki Global Finance Limited, I-9, LGF, Lajpat Nagar-1, New Delhi - 110024 or e-mail at investors@nikkiglobal.com or ngfltd@rediffmail.com.

In case of any query/grievances, Members / Beneficial Owners may refer to the Frequently Asked Questions for Shareholders and e-voting User Manual available at the CDSL website: www.evotingindia.com or contact at toll free number 1800-200-5533 or our Registrar and Share Transfer Agent, Skyline Financial Services Private Limited, Mr. Virender Rana, Vice President on Tel: +91-11-64732681 to 88 or E-mail at: virenr@skylinerta.com, or Ms. Gunjita Kalani, Company Secretary of the Company at Telfax no. 011-64000323, 09871005526 or at E-mail ID: investors@nikkiglobal.com or ngfltd@rediffmail.com.

The results of the Postal Ballot and E-voting will be declared on or before Thursday, 6th October, 2016 at 3:00 p.m. at the Registered Office of the Company. Such results, alongwith the Scrutinizer's Report, will be available on Company's website under the section of Investors and will be forwarded to the Central Depository Services (India) Limited, BSE Limited (BSE).

The Postal Ballot Notice is available on the Company's website (www.nikkiglobal.com), CDSL's E-voting website (www.evotingindia.com) and on the website of BSE (www.bseindia.com).

**By order of the Board,**
**Nikki Global Finance Limited**
**Sd/-**
**Ashesh Agarwal**
**Managing Director**
**DIN: 02319026**

**Date: 29.08.2016**
**Place: New Delhi**


# राशिफल 30 अगस्त 2016



**डॉ. प्रेम कुमार शर्मा**
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Delhi: 011-26449898, Panchkula: 172-

**मेष:** अपनी सोच को कुछ स्मार्ट रख कर प्रतिद्वंद्वी को चतुरता से मात दे सकते हैं। काम पर सहयोगी की मदद करेंगे। प्रेमी या दोस्त व्यावहारिक शरारत खेल सकते हैं, लेकिन यह सब अच्छे मजाक के रूप में किया जाएगा। **शुभ अंक 4, रंग मजेंटा।**

**वृषभ:** आज एक ऐसी स्थिति में रहेंगे, जहां लोगों के दोष पूर्ण खेल में लिप्त होने की संभावना प्रबल रहेगी। व्यापार बैठक सफल साबित होगी और कुछ आकर्षक अवसरों के लिए रास्ते खुलने का वादा किया जाता है। **शुभ अंक 3, रंग पीला।**

**मिथुन:** स्वास्थ्य के प्रति सचेत व्यक्तियों के एक समूह में शामिल होने में मदद मिलेगी, जिससे ट्रिम और स्लिम रहेंगे। अच्छा रिटर्न घर के मालिकों के प्राप्त होगा। परिवार के साथ आज कहीं बाहर जाने की योजना बना सकते हैं। **शुभ अंक 5, रंग लेमन।**

**कर्क:** इससे पहले कि स्वास्थ्य पर कोई नकारात्मक प्रभाव पड़े अपने व्यस्त कार्यक्रम से एक ब्रेक लेने की जरूरत होगी। जीवन के इस मोड़ पर कुछ महत्वपूर्ण लोगों की बैठक करना महत्वपूर्ण होगा। **शुभ अंक 8, रंग डार्क ग्रे।**

**सिंह:** काम पर एक वरिष्ठ को समायोजित करेंगे जल्दी ही इसे करके खुश हो जाएंगे। परिवार का कोई बच्चा गर्व महसूस करवा सकता है। नया शुरू करने वालों के लिए हालात ठीक रहेंगे। संपत्ति से अच्छा रिटर्न मिलेगा। **शुभ अंक 8, रंग डार्क फिरोजी।**

**कन्या:** गणना के आधार पर बताया जा रहा है कि वित्तीय मोर्चे पर कोई जोखिम न लें, यह आपके लिए सबसे अच्छा रहेगा। आप में से कुछ प्रतियोगिता में प्रदर्शन करेंगे। मित्रों से आज घर मजेदार जगह में बदल जाएगा। **शुभ अंक 9, रंग चॉक्लेट।**

**तुला:** घर पर फालतू खर्चों को लेकर अंकुश लगाना आपके लिए मुश्किल हो सकता है। नौजवान को पैसे का मूल्य सिखाने की जरूरत है। कार्यस्थल पर वरिष्ठ द्वारा अधूरा काम करने पर खट-खट हो सकती है। **शुभ अंक 22, रंग आसमानी।**

**वृश्चिक:** आपके दबंग स्वभाव के कारण प्रेमी परेशान हो सकता है। शैक्षणिक मोर्चे पर स्वयं की अपेक्षाओं से परे किए गए प्रदर्शन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। अच्छा करने से अधिकारियों के ध्यान में आएंगे। **शुभ अंक 11, रंग लाइट ग्रे।**

**धनु:** याद करने की उत्कृष्ट शक्ति से शैक्षणिक मोर्चे पर बढ़ावा मिलेगा। अतीत में किया गया कुछ काम अब सकारात्मक परिणाम देने आरंभ कर देगा। आज इतना पैसा होगा की खुद पर इतराएंगे। परिवारिक पर ध्यान देने की जरूरत है। **शुभ अंक 7, रंग पीच।**

**मकर:** नियमित रूप से की गई कसरत शारीरिक रूप तंदरूस्त रखेगी। आप में से कुछ विदेश यात्रा के लिए योजना बना सकते हैं। जो क्षितिज यात्रा के कारोबार से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन उज्ज्वल दिख रहा है। **शुभ अंक 15, रंग क्रिमसन।**

**कुंभ:** पारिवारिक नौजवान आपके धैर्य को तोड़ने की कोशिश कर सकता है, पर शांत रहें। प्रेमी से मिलने में देरी हो जाएगी जिससे वो नाराज हो सकते हैं। लंबित कार्य काम में आराम नहीं करने देंगे। **शुभ अंक 7, रंग फॉरेस्ट ग्रीन।**

**मीन:** आज कुछ जटिल समस्याओं का समाधान करने के लिए मन को सही फ्रेम में रखने की जरूरत होगी। छात्रों को काम पर पूरा ध्यान केंद्रित करके उत्कृष्टता प्राप्त होगी। सामाजिक मोर्चे पर प्रयासों की सराहना की जाएगी। **शुभ अंक 2, रंग लाइट ग्रे।**

### :टिप्स:

1. एक छोटा सा चौमुखी क्रिस्टल बॉल अपने बेडरुम की छत से लगाएं और इसे नौ इंच लम्बे लाल रिबन से बांध दें। यह आपके प्यार भरे जीवन को रंग से भर देगा।
2. साहित्य, विज्ञापन, मास मीडिया और संचार आप इनमें से किसी एक में अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं तो आप अपने टेबल पर क्रिस्टल ग्लोब अवश्य रखें।
3. शयनकक्ष में बिस्तर ऐसी जगह रखें, जिससे दरवाजा सीधा सामने न दिखता रहे। बिस्तर दरवाजे के सामने होने पर अस्थिरता बनी रहती है।



टिप्स: मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड सलाहकार
Contact: +91-11-26449898, 26489899

# सभी मुख्यमंत्रियों के तैल चित्र लगे

एजेंसी. लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को विधान भवन में प्रदेश की अब तक के समस्त मुख्यमंत्रियों तथा विधानसभा अध्यक्षों के नवस्थापित तैल चित्रों का अनावरण किया, जिनमें वर्तमान नेता सदन अखिलेश यादव एवं विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाडेय के तैल चित्र भी शामिल हैं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष पान्डेय की उपस्थिति में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केशरीनाथ त्रिपाठी, सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुखदेव राजभर को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अनावरण के दौरान संसदीय कार्य मंत्री मोहम्मद आजम खां, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अजीत सिंह, विधायक रीता बहुगुणा जोशी एवं फतेह बहादुर सिंह सहित राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## बाढ़ पीड़ितों को मुफ्त उपलब्ध हो अनाज

**पटना।** केंद्रीय खाद्य एवं जनवितरण मंत्री रामविलास पासवान ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत मिलने वाले अनाज को अगले छह महीने तक मुफ्त उपलब्ध कराए। अपने संसदीय क्षेत्र हाजीपुर के बाढ़ से प्रभावित इलाकों में बाढ़ पीड़ितों से मिलने के लिए रवाना

## सीबीआई को सौंपा गुमशुदगी प्रकरण

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सोमवार को आसाराम से जुड़े मामले के एक गवाह के लापता होने के प्रकरण की जांच सीबीआई को सौंपने के आदेश दिये। पीठ ने इस मामले में सुरक्षित किया गया, फैसला सुनाते हुए कहा कि पिछले साल 25 नवंबर को लखनऊ के ठाकुरगंज से राहुल सचान के लापता होने के मामले की जांच सीबीआई को सौंपने और छह माह के अंदर रिपोर्ट देने के आदेश दिये हैं। अदालत ने यह आदेश अधिवक्ता बेनेट कास्टिलेनो की जनहित याचिका पर दिया, जिसमें सचान के लापता होने की जांच सीबीआई से कराने के आदेश देने का आग्रह किया गया था। सचान आसाराम से जुड़े हत्या के मामले का प्रमुख गवाह था।

## यूपी सरकार को एनजीटी का नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने सोमवार को यूपी सरकार, जल निगम को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए सवाल किया कि राज्य के पश्चिमी हिस्से के छह जिलों में स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने में नाकाम रहने के लिए क्यों नहीं उन पर जुर्माना लगाया जाए। एनजीटी ने कहा कि मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद व सहारनपुर जिलों के गांवों में राज्य सरकार की निष्क्रियता से लोग प्रदूषित पानी पीने के लिए बाध्य हैं। इसके साथ ही एनजीटी ने मजिस्ट्रेटों, जल निगम के मुख्य इंजीनियर को समन जारी किया।


**NIKKI GLOBAL FINANCE LIMITED**

**Registered Office:** I-9, LGF, Lajpat Nagar -1, New Delhi -110024,
**CIN:** L65999DL1986PLC024493, **Telefax:** +91-11-64000323
**Web.:** www.nikkiglobal.com **E-mail:** info@nikkiglobal.com investors@nikkiglobal.com

**NOTICE OF 30TH ANNUAL GENERAL MEETING, REMOTE E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE**

Notice is hereby given that:

1. The 30th Annual General Meeting (AGM) of the Company will be held on Friday, September 30, 2016 at 3:30 p.m. at Mehta Farm, Village Chhawla, beyond BSF Camp, Rajkhari, Nazabgarh Road, New Delhi - 110071 to transact the business as mentioned in the Notice of AGM dated 25th August, 2016.
2. Electronic copies of the Notice of AGM and Annual Report for 2016 have been sent to all the members whose emails IDs are registered with the Company/Depository Participant(s). The same are also available on the Company's website www.nikkiglobal.com. Notice of AGM and Annual report for 2016 have been sent to all other members at their registered addresses by the permitted mode. The dispatch of the Notice of AGM has been completed on 29th August, 2016.
3. Members holding shares either in physical form or dematerialized form, as on the cut-off date, 23rd September, 2016, may cast their vote electronically on the business set forth in the Notice of the AGM through electronic voting systems of Central Depository Services (India) Limited ('CDSL') from a place other than venue of AGM ('remote e-voting'). All the members are informed that:
   (a) The business set forth in the Notice of the AGM may be transacted through voting by electronic means.
   (b) The remote e-voting shall commence on 26th September, 2016 at 9:00 Hours IST.
   (c) The remote e-voting shall end on 29th September, 2016 at 17:00 Hours IST.
   (d) The Cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means or at AGM is 23rd September, 2016.
   (e) E-voting by electronic mode shall not be allowed beyond 17:00 Hours IST on 29th September, 2016.
   (f) Any person, who acquires shares of the Company and becomes member of the Company after dispatch of the Notice of AGM and holding shares as of the cut-off date i.e. 23rd September, 2016 may obtain the login ID and password by sending a request at investors@nikkiglobal.com or to Company's Registrar & Transfer Agent, Skyline Financial Services Private Limited at admin@skylinerta.com. However, if a person is already registered with CDSL for e-voting then existing user ID and password can be used for casting vote.
   (g) Members may note that: a) the remote e-voting module shall be disabled by CDSL beyond 17:00 Hours IST on 29th September, 2016 and once the vote on a resolution is cast by the member, the member shall not be allowed to change it subsequently, b) the facility for voting through ballot/poll paper shall be made available at the AGM, c) the members who cast their vote by re-mote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again; and d) a person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date only shall be entitled to avail facility of re-mote e-voting as well as voting at AGM through ballot/poll paper.
   (h) The Notice of AGM is available on the Company's website www.nikkiglobal.com and also on CDSL's website www.evotingindia.com.
   (i) In case of any query/grievances, Members / Beneficial Owners may refer to the Frequently Asked Questions for Shareholders and e-voting User Manual available at the CDSL website: www.evotingindia.com or contact at toll free number 1800-200-5533 or our Registrar and Share Transfer Agent, Skyline Financial Services Private Limited, Mr. Virender Rana, Vice President on Tel: +91-11-64732681 to 88 or E-mail at: virenr@skylinerta.com, or Ms. Gunjita Kalani, Company Secretary of the Company at Telfax No. 011-64000323, 09871005526 or at E-mail ID: investors@nikkiglobal.com.
4. The Register of Members and the Share Transfer Books of the Company will remain closed from Friday, 23rd September, 2016 to Friday, 30th September, 2016 for annual closing.

**By order of the Board,**
**Nikki Global Finance Limited**
**Sd/-**
**Ashesh Agarwal**
**Managing Director**
**DIN: 02319026**

**Date: 29.08.2016**
**Place: New Delhi**



